## विद्यालय प्रबंध समिति का एजेंडा एवं बैठक कार्यवृत्त माह -मार्च - , 2025 , सत्र -2024 -25

विद्यालय का नाम - .................................................. स्कूल कोड - ..................

For samples RAJKUMAR AURAIYA

| बैठक का विषय - | कार्यक्रम का आयोजन - | बैठक में उपस्थित सदस्यों के हस्ताक्षर RAJ . |
|---|---|---|
| एस.एम.सी. मासिक बैठक एजेंडा S.M.C. बैठक एजेंडा एजेंडा की तिथि 03/03/2025 दिन –सोमवार<br><br>सेवा में<br>विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष,उपाध्यक्ष ,सदस्यगण .ग्राम प्रधान एवं अभिभावकगण आप सभी को सादर अवगत कराना है कि दिनांक - . 05 / 03/2025 दिन – ............ को समय 12:30 से 1:30 बजे तक विद्यालय प्रबंध समिति की मासिक बैठक का आयोजन विद्यालय परिसर में किया जायेगा । अतः आप सभी लोगों की उपस्थिति प्रार्थनीय है ससमय बैठक में प्रतिभाग करने का कष्ट करें ।<br>धन्यवाद<br>सूचना का माध्यम<br>मोबाइल फोन द्वारा ,बच्चों द्वारा ,रसोइया द्वारा ,स्वयं के सम्पर्क द्वारा | • बैठक में अभिभावकों के बैठने हेतु कुर्सियाँ आदि की व्यवस्था विद्यालय स्तर से सुनिश्चित की गई ।<br>बैठक में विद्यालय के समस्त अध्यापकों की उपस्थिति सुनिश्चित की गई ।<br>• बैठक में उपस्थित प्रतिभागियों का नाम, पता एवं मोबाइल नं० बैठक पंजिका में अंकित किया गया ।<br>• बैठक में चर्चा के दौरान दो तरफा संचार (Two way communication) अर्थात् अभिभावकों को भी अपना मत रखने का अवसर प्रदान किया गया<br><br>**बैठक कार्यवृत्त -**<br>महानिदेशक स्कूल शिक्षा के आदेश के क्रम में आज दिनांक - 05 /03/2025 दिन- बुधवार को विद्यालय परिसर में विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष श्री/श्रीमती .................. की अध्यक्षता में विद्यालय प्रबंध समिति की बैठक आहूत की गयी। नियम के अनुसार बैठक का कोरम पूरा है ।आज की बैठक में पूर्व बैठक की समीक्षा की गई और एजेंडा पढ़कर सुनाया गया एवं विद्यालय में निम्न एजेंडा बिन्दुओं पर विस्तृत रूप से चर्चा की गयी।<br><br>**आज की बैठक के बारे में -**<br>1- आज की बैठक में 1/3 (5) सदस्य से अधिक उपस्थित रहे हैं ।<br>2) आज की बैठक में प्र0अ0/सचिव के द्वारा बैठक के निर्धारित बिंदु श्यामपट पर लिखे गए और एक एक बिंदु पर चर्चा की गयी ।<br>(3) आज की बैठक में प्र0अ0/सचिव के द्वारा निर्धारित बिंदु SMC रजिस्टर पर नोट किये गये तथा उपस्थित सदस्यों के अंत में हस्ताक्षर कराए गये ।<br>4 यह बैठक माह के प्रथम बुधवार को अपने निर्धारित समय पर संम्पन हुई।<br><br>**बैठक में चर्चा-परिचर्चा के बिन्दु**<br>**1 वार्षिक परीक्षा के संबंध में चर्चा -** वार्षिक परीक्षा शैक्षिक सत्र 2024-25 की मार्च में होनी हैं । कक्षा 1 में सिर्फ मौखिक परीक्षा होगी कक्षा 2 से 3 तक 50% लिखित और 50% मौखिक परीक्षा होगी कक्षा 4 और 5 में लिखित और मौखिक परीक्षा होगी जिसमें 70% लिखित और 30 % मौखिक होगी 6 से 8 तक वार्षिक परीक्षा लिखित होगी और यह वार्षिक परीक्षा 50 अंकों की होगी पिछले वर्ष परीक्षा में संशोधन किया गया है जिसमें बहुविकल्पीय प्रश्न अति लघु उत्तरीय प्रश्न लघु उत्तरीय प्रश्न दीर्घ उत्तरीय प्रश्न सम्मिलित होंगे ।समस्त अभिभावकों को पुनः सूचित किया जाता है कि अपने बच्चों को वार्षिक परीक्षा में समय से विद्यालय भेजें ताकि कोई भी बच्चा परीक्षा देने से वंचित न रहे । इस वर्ष रिजल्ट आनलाइन फीड हो रहा और अंकपत्र पोर्टल से प्रिंट कराकर दिया जाना है ।<br>**2-कम्पोजिट ग्रान्ट के उपभोग पर चर्चा –** सत्र 2024-25 में कंपोजिट ग्रांट की धनराशि विद्यालय के SMC खाते में ............ रु0 की लिमिट जारी हो चुकी है जिसकी कार्य योजना भी तैयार कर ली गई है पिछली बैठक में दिनांक ............ को सचिव/प्रधानाध्यापक एवं एसएमसी सदस्यों के द्वारा बैठक में विचार विमर्श कर आम सहमति के उपरांत विद्यालय के वार्षिक आवश्यक कार्यों को चिन्हित कर कार्य योजना/प्रस्ताव तैयार कर बैठक में अनुमोदन हेतु प्रस्तुत किया जा चुका है और जिन बैंडरों को भुगतान किया जाना है उनका अनुमोदन भी हो चुका है अति आवश्यक कार्यों चिन्हित कर उनको को पहले प्राथमिकता दी जाएगी । | |

| | | |
|---|---|---|
| **बैठक के प्रमुख निम्न एजेंडा बिन्दुओं पर आवश्यक चर्चा होनी है**<br>**कार्यक्रम पर चर्चा**<br>1 वार्षिक परीक्षा के संबंध में चर्चा<br>2-कम्पोजिट ग्रान्ट के उपभोग पर चर्चा<br>3 -आगामी सत्र हेतु नवीन नामांकन पर चर्चा<br>4- विद्यालय में साफ सफाई पर चर्चा –<br>5 - नवीन प्रवेश लेने वाले बच्चों के संबंध में -<br>6 - आपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत मूलभूत अवस्थापना सुबिधाओं की जानकारी एवं चर्चा<br>7 -निपुण प्रगति रिपोर्ट पर चर्चा - | **3 -आगामी सत्र हेतु नवीन नामांकन पर चर्चा -** आगामी सत्र 2025-26 1 अप्रैल से प्रारंभ हो रहा है विद्यालय में बच्चों का अधिक से अधिक नामांकन हो कोई भी बच्चा नामांकन से वंचित न रहे स्कूल चलो अभियान जागरूकता रैली परीक्षा संपन्न होने के बाद निकाली जाएगी जिसमें सभी लोगों की सहभागिता अनिवार्य है । इस पर बैठक में विस्तृत चर्चा की गई ।<br>**4- विद्यालय में साफ सफाई पर चर्चा –** मार्च माह में विद्यालय की साफ़ सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाय और विद्यालय में लघु मरम्मत का कार्य ,रंगाई ,पुताई पेंटिंग के कार्य को प्रथम वरीयता से कराया जाय । शासन की मंशा के अनुरूप विद्यालय को सजाया संवारा जाए । ताकि नए सत्र में विद्यालय में आने वाले बच्चों की रूचि विकसित हो सके ।<br>**5 - नवीन प्रवेश लेने वाले बच्चों के संबंध में -** नवीन नामांकन वाले बच्चों की विद्यालय के प्रति रूचि विकसित हो विद्यालय का भौतिक परिवेश एवं शिक्षा के अनुकूल वातावरण तैयार किया जाय ताकि बच्चा भयमुक्त महसूस करे और प्रतिदिन विद्यालय पढ़ने आये इस पर चर्चा की गयी ।<br>**6 - आपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत मूलभूत अवस्थापना सुबिधाओं की जानकारी एवं चर्चा-** आपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत मूलभूत अवस्थापना सुबिधाओं की जानकारी कार्यक्रम विद्यालय को 19 विन्दुओं में जो अवशेष कार्य पड़े हैं उनको पंचायत स्तर से पूर्ण कराया जाय जिससे छात्र /छात्राओं का विद्यालय के प्रति रूचि विकसित हो सके ।विद्यालय विकास योजना की एक कापी ग्राम प्रधान को सूचित कर प्राप्त करा दी गई है ।<br>**7 -निपुण प्रगति रिपोर्ट पर चर्चा -** निपुण भारत मिशन के तहत बालबाटिका से कक्षा 3 तक का सन 2626-27 तक प्रत्येक बच्चे को तीसरी कक्षा के अंत तक पढने लिखने एवं अंक गणित को सीखने की क्षमता प्रदान की जायेगी । वर्ष 2024-25 में 25 सप्ताह की कार्ययोजना पर शिक्षण कार्य किया जायेगा । प्रत्येक कालांश 40-40 मिनट का होगा । उ० प्र० सरकार द्वारा 2025-26 तक समस्त विद्यालयों को निपुण बनाया जाना है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए निपुण भारत मिशन विद्यालय कार्ययोजना बनाना है, और इस पर कार्य करना है । समस्त स्टाफ निपुण लक्ष्य एप और रीड एलांग एप डाउनलोड कर लें प्र0अ0 द्वारा कक्षा विभाजन कर ,अपनी कक्षा की निपुण भारत मिशन कार्ययोजना तैयार कर ,बालबाटिका से कक्षा 3 तक शत प्रतिशत बच्चों को निपुण बनाने पर कार्य प्रगति पर है ,विद्यालय में बच्चो की निपुण प्रगति को तीन श्रेणी में विभाजित किया गया है । (1) सक्षम विद्यार्थी (निपुण बच्चे) जो बच्चे 80% से अधिक है (2) माध्यम विद्यार्थी जो बच्चे 50 %से 80% तक हैं (3) संघर्षशील विद्यार्थी जो बच्चे 50 % से कम है वह संघर्षशील विद्यार्थी है उनपर अतिरिक्त समय देकर रेमेडियल कार्य किया जा रहा ,तथा उनके अभिभावकों को भी सूचित कर दिया गया है । तथा माह अक्टूबर में भी बच्चों की निपुण परीक्षा होना है। इसके सम्बन्ध में आज की बैठक में चर्चा की गई ।<br>**चर्चा के अन्य बिन्दु**<br>**8- दिव्यांग बच्चों हेतु समर्थ कार्यक्रम पर चर्चा**<br>**9-अभिभावक द्वारा बच्चो को नियमित विद्यालय भेजे जाने पर चर्चा ।**<br>**10 विद्यालय के परिवेशीय वातावरण पर चर्चा ।**<br>**11 विद्यालय में बच्चों के ठहराव पर चर्चा ।**<br>**12 एम डी एम की गुणवत्ता पर चर्चा ।**<br>**13 - अपार आई डी बनाये जाने पर चर्चा – ।**<br>**इसके साथ ही बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामनाओं के साथ आज की बैठक में उपस्थित हुए सभी बच्चों के माता/पिता/अभिभावकों को धन्यवाद ज्ञापित कर माह की अगली बैठक हेतु पुनः उपस्थित रहने का आग्रह कर आज की बैठक कार्यवाही का समापन किया गया ।** | |